शकुन्तला गौतम, मा0 राज्य सूचना आयुक्त, सुनवाई कक्ष एस–9

अपील संख्या एस 09/ए/1963/2024

श्री योगी एमपी सिंह **बनाम** ज0सू0अ0 कार्यालय तहसीलदार, तहसील–सदर, जनपद–मीरजापुर

आदेश

कम्प्लेन्ट व अपील ट्रैकिंग सिस्टम (CATS) के माध्यम से पंजीकृत की गयी अपील आज सुनवाई हेतु प्रस्तुत की गयी। दिनांक–30.04.2025 की सुनवाई हेतु उभयपक्षों को दिनांक–24.04.2025 को ई–मेल के माध्यम से नोटिस प्रेषित की गयी तथा वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुनवाई हेतु लिंक प्रेषित किया गया। पत्रावली पेश हुयी। पुकार करायी गयी। आज उभयपक्ष अनुपस्थित रहे।

पत्रावली का अवलोकन कर पाया गया कि आयोग की सुनवाई दिनांक–21.03.2025 को अपीलार्थी के आवेदन पत्र का निस्तारण करते हुए सूचना नियत तिथि से पूर्व अपीलार्थी को उपलब्ध कराये जाने तथा सूचना की प्रति एवं प्रेषण साक्ष्य के साथ लिखित अभिकथन नियत तिथि पर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु विपक्षी जनसूचना अधिकारी को निर्देशित करते हुए आयोग द्वारा दिनांक–24.04.2025 को ई–मेल के माध्यम से नोटिस प्रेषित की गयी, परन्तु आज सुनवाई तिथि पर विपक्षी जनसूचना अधिकारी न तो स्वयं उपस्थित हुए और किसी प्रतिनिधि के माध्यम से भी पक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया।

उपरोक्त स्थिति में विपक्षी जनसूचना अधिकारी कार्यालय तहसीलदार, तहसील–सदर, जनपद–मीरजापुर को एक अवसर प्रदान करते हुए आज पारित आदेश की प्रति संलग्न कर नोटिस प्रेषित की जाये कि वह सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 व उ0प्र0 सूचना का अधिकार नियमावली, 2015 के नियमों व प्रावधानों के अनुसार अपीलार्थी के आवेदन पत्र का निस्तारण करते हुए नियत तिथि से पूर्व निस्तारण आख्या/सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए निस्तारण आख्या/सूचना की प्रति व सूचना प्रेषण के साथ लिखित अभिकथन नियत तिथि से पूर्व आयोग को उपलब्ध करायी जाये।

अपील में अपीलार्थी को पक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित की जाये।

पत्रावली वास्ते सुनवाई दिनांक–06.06.2025 को पेश हो।

30.04.2025

सुनवाई कक्ष संख्याः एस–9

पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि दिनांक –06.06.2025 को उक्त ऑनलाइन (ई0 फाइलिंग) व उक्त ऑफलाइन सूचीबद्ध अपीलों/शिकायतों की अपरिहार्य कारणों से अग्रिम सुनवाई तिथि निम्नवत् नियत की जाती हैः–

कम संख्या	सुनवाई तिथि	ऑनलाइन/ऑफलाइन	अग्रिम नियत सुनवाई तिथि
01	06.06.2025	ऑनलाइन(ई0फाइलिंग) अपीलों/शिकायतों को सुनवाई	17.07.2025
		ऑफलाइन अपीलों /शिकायतों की सुनवाई	

आज्ञा से

30/05/25

(सर्वेश कुमार गुप्ता)

पेशकार

पीठासीन अधिकारी

सु0क0सं0–एस9